हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

09 नियमित और सही ढंग से ब्रश करें, टूथपेस्ट...



10 छोटूराम पॉलिटेक्निक में खेलकूद प्रतियोगिता



## शहर में आज

- जेड ग्लोबल स्कूल में डॉ. परम चेतन्य महाराज पत्रकार वार्ता करेंगे सुबह 11.30 बजे
- नगर निगम की टीम बाजारों से अतिक्रमण हटाएगी सुबह 11 बजे से
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा
- सेक्टर-1 के लोग समस्याओं को लेकर पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1 बजे

## खबर संक्षेप

### 23 को नितानंद पब्लिक स्कूल में रागनी कार्यक्रम

**रोहतक।** शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के शहीदी दिवस पर 23 मार्च को स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल में शाम 5 बजे हरियाणवी रागनियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जसबीर सिंह स्मारक समिति की ओर से हर साल होने वाले इस कार्यक्रम में जाने-माने गायक सत्ते फरमाणियां, गुलाब सिंह खंडेलवाल, राजेश दलाल, मुकेश यादव और सबिता अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

### दंत चिकित्सा जांच एवं उपचार शिविर आयोजित

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में दंत चिकित्सा जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचभ द्वारा किया गया। कैंप में पीजीआईडीएस से डेंटल सर्जन की टीम ने छात्राओं के दांतों की जांच की और ज़रूरी उपचार जैसे फिलिंग, स्केलिंग और एक्सट्रैक्शन भी किया।

## कई कॉलोनियों में सप्लाई ठप, कहीं एक समय ही आ रहा पानी

# 10 दिन और रहेगा संकट 30 को आएगा नहर में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की कई कॉलोनियों में पीने के पानी का संकट गहरा गया है। यहां पेयजल आपूर्ति बिल्कुल ठप है। इनमें लाढोत रोड, बसंत विहार, शास्त्री नगर, राजेंद्र नगर, तेज कालोनी, हनुमान कालोनी, पाड़ा मोहल्ला आदि कॉलानियों शामिल हैं।

ऐसे में लोगों को रोजमर्रा के कार्य करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ये समस्या अभी और 10 दिन रहेगा, ऐसा इसलिए क्योंकि नहर 30 मार्च को आएगी, जिसके बाद सुचारू रूप से पानी की सप्लाई हो पाएगी। वहीं इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग ने चंडीगढ़ पत्र लिखा है, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता यही रहती है कि शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे और किसी भी क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई न हो। इसको लेकर सकारात्मक कदम भी उठाए जा रहे हैं।

**कई कालोनियों में दूषित पानी की सप्लाई भी हो रही है। पानी न आने की समस्या से परेशान लोग खरीदकर पानी ला रहे हैं।**

### मुसीबतः रोजमर्रा के काम हो रहे प्रभावित



नहर न आने के कारण संबंधित विभाग ने कई कालोनियों में एक समय पानी की सप्लाई कर रखी है। लेकिन ये नाकाफी है। बड़ा बाजार, कमला नगर, राजेंद्र नगर, शिवाजी कॉलोनी का कुछ क्षेत्र सहित और भी कई जगह ऐसी हैं जहां एक समय पानी तो आ रहा है लेकिन केवल दस या पन्द्रह मिनट। इतने कम समय पानी की सप्लाई के कारण भी लोगों को परेशानी है। इससे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

### कालोनीवासी बोले-शिकायत के बावजूद नहीं होता समाधान

कालोनी वासी राजबीर, जसबीर, राकेश, रमेश आदि ने बताया कि नहर न आने के कारण एक समय पानी आ रहा है, लेकिन नहर के समय भी पेयजल आपूर्ति पूरी नहीं होती। कई बार पानी आता है तो कई कई दिन केवल एक समय ही पानी आता है। इस बारे में संबंधित विभाग को शिकायत के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। इसके अलावा शहर की कई कालोनियों में दूषित पानी की सप्लाई भी हो रही है। यहां निवासियों ने नई पाइपलाइन बिछाने की मांग की है। निवासियों का कहना है कि जब पानी आता है तो शुरू के दस मिनट तक मैला पानी आता है, इसके बाद साफ पानी आता है।

### विभाग को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत

पानी न आने की समस्या से परेशान लोग खरीदकर पानी ला रहे हैं। जिसे पीने सहित रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि विभाग को इस ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## फॉयरिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पाक्समा निवासी युवक व उसके साथियों पर फॉयरिंग की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पाकस्मा निवासी विक्की ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि विक्की ठेकेदारी का काम करता है। 13 जनवरी को विक्की के दोस्त विक्की निवासी खेडीसाध के पास सोमबीर, सुनील व सुमित सैंगो का फोन आया। सुमित और सुनील ठेकेदार मिलना चाहते है। विक्की अपने दोस्त विक्की, आशीष के साथ उनसे मिलने अस्थल बोहर मस्तनाथ के पास आए। सुनील व सुमित वहां पर नहीं मिले। आशीष ने सुमित सैंगो के पास फोन कर पूछने लगा तो सुमित उर्फ सैंगो ने गाड़ी का नंबर पूछा। गाड़ी का नंबर बताते ही सुमित सैंगो व उसके दोस्तों ने गाड़ी पर फॉयरिंग करनी शुरु कर दी। विक्की व उसके दोस्त ने फॉयरिंग होते ही अपनी गाड़ी को भगा लिया। जांच के दौरान 20 मार्च को आरोपी सुमित उर्फ सैंगो निवासी बोहर हाल इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

## सफेदे काटने के चार आरोपी वन विभाग ने दबोचे



**रोहतक।** वन राजिक अधिकारी रोहतक सुभाष कालरा ने बताया कि 19 मार्च को शिमली गांव के पास किसी ने तीन सफेदे काट लिए थे। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। जब मामले की जांच वन विभाग ने की तो पता चला कि करौंथा के लोगों ने कटाई है। इसके बाद आरोपियों को दबोचने के लिए वन दरोगा निरीक्षक जितेंद्र, अमित, मनीष, व वन रक्षक सुभाष की टीम बनाकर करौंथा के लिए रवाना किया। कई लोगों से पूछताछ के बाद जानकारी मिली कि पेड़ों को चांद, संजीत, श्रीभगवान और मोनू ने काटा है। कटान बरामद करने के लिए छापेमारी की तो आरोपियों में से एक के यहां लकड़ी बरामद हो गई। सभी आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## हरिभूमि द्वारा 13वें कवि सम्मेलन का आयोजन होगा

# पीजीआईएमएस के सुश्रुत ऑडिटोरियम में आज सजेगी कवियों की महफिल

होली पर कविताओं, चुटकुलों, प्रेम भरे गीतों का रंग बिखेरने के लिए तैयार हैं कवि



विनीत चौहान | संदीप भोला | दिनेश रंघुवंशी | प्रियांशु गजेन्द्र | गौरी मिश्रा | दीपक सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि इस बार भी होली पर कविताओं, चुटकुलों, प्रेम भरे गीतों का रंग बिखेरने के लिए तैयार है। पीजीआईएमएस के सुश्रुत ऑडिटोरियम में शुक्रवार को देश के जाने-माने कवियों की महफिल सजेगी। हरिभूमि द्वारा करवाए जा रहे 13वें कवि सम्मेलन में वीर रस के प्रसिद्ध कवि विनीत चौहान देशभक्ति से ओतप्रोत करेंगे।

अपने आप में अनूठी पहचान रखने वाले हास्य व्यंग्य के कवि सुदीप भोला अपने राजनीतिक व्यंग्य से सभी को हंसाएंगे। कवि सम्मेलन में गीतकार दिनेश रंघुवंशी भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी तरह हास्य कवि प्रियांशु गजेन्द्र सभी को गुदगुदाएंगे। श्रृंगार रस की कवियित्री गौरी मिश्रा प्रेमरस में डूबे अपने गीतों से मनोरंजन करेंगी। सम्मेलन में हास्य कवि दीपक सैनी की मिमिक्री और राजनीतिक व्यंग्यों के चुटकुलें भी सुनने को मिलेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### इंतजार खत्मः शाम 5 बजे शुरू होगा कार्यक्रम

पीजीआईएमएस के सुश्रुत ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन शाम पांच बजे शुरू होगा। सभी श्रोता समय से पहुंचकर सीट ग्रहण कर लें। बता दें कि हरि भूमि की ओर से हर साल होली के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम का रोहतक के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब इंतजार खत्म हुआ और आज रोहतक के लोग कवि सम्मेलन का आनंद उठाएंगे।

### ये मुख्य रूप से आएंगे

कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल मुख्य अतिथि रहेंगे। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इसी तरह एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्ट विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## 25 अप्रैल तक बनवाए जा सकते हैं नए वोट:डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार लोकसभा आम चुनाव के लिए पात्र व्यक्ति नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 से 10 दिन पूर्व अर्थात 25 अप्रैल 2024 तक नई वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीसी ने नागरिकों का आह्वान किया है कि यदि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है और अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है, तो लोकसभा आम चुनाव में भाग लेने के लिए ऐसे पात्र व्यक्ति निर्धारित अवधि तक नई वोट बनवाने के लिए आवेदन करें।

### अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य चेक कर लें



डीसी अजय कुमार ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नामांकन पत्र 6 मई तक दाखिल किये जा सकेंगे तथा 6 मई से 10 दिन पूर्व तक नई वोट बनवाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला के मतदाता तुरंत अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य चैक कर लें ताकि अगर किसी मतदाता का नाम किसी कारणवश सूची से कट गया है तो वह मतदाता सूची में निर्धारित अवधि तक नाम दर्ज करवाने के लिए तुरंत वोटर हैल्पलाईन एप या **voter-portal.eci.gov.in** के माध्यम से या संबंधित बीएलओ के माध्यम से फार्म नंबर-6 भरकर नई वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हैल्पलाईन नंबर-1950 भी जारी किया गया है। इसलिए अगर किसी मतदाता को चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है या देनी है तो वह हेल्पलाईन नंबर-1950 पर कॉल कर सकता है।




सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन



# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल

बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल

**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *



## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन

**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *



कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



**बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें

1 प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2 प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3 मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

## खबर संक्षेप

### गौड़ कॉलेज में किया पौधरोपण

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवे दिन कॉलेज में वनस्पति विज्ञान से संबंधित अर्जुन,पीपली, कदंब, कढ़ी पत्ता, हरड़, कपूर, गुलमोहर, सेहजन, कचनार, अशोक, पुत्रांजीवा, धाक, करोंदा, साल, कनक चंपा, इमली के पौधे लगाए। पौधरोपण कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा ने स्वयंसेवकों के साथ किया।

### शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शहीद भगत सिंह की जेल डायरी के पत्रों के बारे में चर्चा की गई। इस डायरी के माध्यम से शहीद भगत सिंह के विचारों को जाना गया और डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारी इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित करवाना रहा।

### प्रोफेसर रितु यादव ने शोध पत्र प्रस्तुत किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु यादव ने जेएनयू नई दिल्ली में आयोजित आठवें वर्ल्ड कैंसर कांग्रेस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत की और शोध पत्र प्रस्तुत किया।आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किए गए इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. रितु यादव ने- डिफर्सेंयल एक्सप्रेशन ऑफ जीन्स एनओटीसीएच1 एंड एनओटीसीएएच 3 इन सर्वाइकल कैंसर पेशेंट्स आफ नार्थ इंडिया पॉपुलेशन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## खाटू नरेश की फाल्गुन द्वादशी पर निकली भव्य निशान यात्रा

# 1100 निशानों के साथ रोहतक बनी बाबा श्याम की खाटू नगरी

### खूब उड़ा अबीर गुलाल खाटू नरेश के लगे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

होली से पूर्व फाल्गुन महीने की द्वादशी का पर्व श्याम भक्तों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। पीपल वाली गली स्थित खाटू श्याम मंदिर कमेटी के सदस्यों ने फाल्गुन द्वादशी के अवसर पर शहर में भव्य निशान यात्रा निकालते हुए बाबा श्याम का गुणगान किया। निशान यात्रा के दौरान 1100 भक्तों ने बाबा की ध्वजा को उठाते हुए खाटू नरेश के जयकारे लगाए। पूरा शहर बाबा श्याम के रंग में रंगा नजर आया और चारों तरफ श्याम प्रेमियों के जयघोष गूंजायमान हुए।

निशान यात्रा का शुभारम्भ महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज के सानिध्य में विधायक बीबी बतरा ने श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर किया। साथ ही ध्वजा लेकर निशान यात्रा में शामिल हुए। निशान यात्रा के आयोजक सुरेश कुमार गर्ग ने बताया कि फाल्गुन माह की द्वादशी के पावन अवसर पर भव्य निशान यात्रा का आयोजन सोहम मंदिर से किया गया। सोहम मंदिर में भक्तों ने पहले श्याम बाबा की पूजा अर्चना की और बाबा श्याम का गुणगान किया। इसके बाद 1100 श्याम प्रेमियों ने ध्वजा उठाई। निशान यात्रा का शुभारम्भ बाबा श्याम की पूजा अर्चना के साथ किया गया।



**रोहतक।** निशान यात्रा के दौरान भव्य निशान लेकर चलते महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी व विधायक बीबी बतरा।

### बाबा श्याम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

निशानयात्रा के दौरान बाबा श्याम की झांकी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। बाबा श्याम की भव्य प्रतिमा को आकर्षक फूलों से सजाया गया। विभिन्न रंगों के फूलों से बाबा का श्रृंगार भक्तों के लिए मनमोहक रहा। वहीं, बाबा की अखंड ज्योत के दर्शन करने व पंचमेवे का प्रसाद लेने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। जगह-जगह भक्तों ने बाबा की शोभायात्रा का स्वागत किया।

### इन स्थानों से निकली निशानयात्रा

निशान यात्रा सोहम मंदिर से चलकर छोटूराम चौक, शांत मई चौक, भिवानी स्टैंड, दुर्गा भवन मंदिर, माल गोदाम रोड, अनाज मंडी, रेलवे रोड, झज्जर रोड, गोयल मार्बल वाली गली से होते हुए खाटू श्याम मंदिर पीपल वाली गली में पहुंची। यात्रा के दौरान खाटू श्याम का भव्य दरबार, ढोल, नगाड़े भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहे।

### पुलिस ने संभाली यातायात व्यवस्था

निशान यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था का जिम्मा पुलिस के ऊपर रहा। पुलिस कर्मियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया। निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। जगह-जगह यातायात पुलिस कर्मी नजर आए जो श्रद्धालुओं के निर्धारित रूट के अनुसार यातायात को कंट्रोल कर रहे थे। कहीं पर भी जाम की स्थिति पैदा होने नहीं दी गई।

### सैकड़ों की संख्या में ध्वजा ने बनाया भक्तिमय माहौल

निशानयात्रा के दौरान 1100 श्याम प्रेमियों ने ध्वजा उठाई। सोहम मंदिर में विधि पूर्वक ध्वजा को उठाया गया और सभी श्रद्धालु कतारों में निकले। ध्वजा लेकर चल रहे श्याम प्रेमियों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी निकले जो श्याम मंदिर पहुंचे। यात्रा के दौरान हवा में लहराती श्याम ध्वजा देखकर पूरा वातावरण श्याम मय बना रहा।

### निशानयात्रा के दौरान जगह-जगह लगाया भंडारा

निशानयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया, जिसका भक्तों ने आनंद लिया। यात्रा के दौरान दर्जनों स्थानों पर भंडारे लगाए गए, जिसमें खाने के सामान के साथ पानी आदि का प्रबंध भी भक्तों के लिए किया गया। इसके साथ ही मंदिर कमेटी की तरफ से भी भक्तों के लिए भंडारा लगाया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पीजीआईडीएस ने शिक्षण संस्थानों में लगाए शिविर, छात्रों को जांचा, इलाज के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पीजीआईडीएस की समर्पित दंत टीम ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और छात्रों को आवश्यक सेवाएं देने के उद्देश्य से दो स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डीआर मंजूनाथ ने बताया कि पहला शिविर गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन में लगाया गया, जबकि दूसरा शिविर महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में हुआ। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन में पीजीआईडीएस की डेंटल टीम ने स्क्रीनिंग शिविर का




आयोजन किया। कुल 150 छात्रों को दंत चिकित्सा पेशेवरों की विशेषज्ञता से लाभ उठाने का अवसर मिला। डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान, विभिन्न मौखिक स्वास्थ्य मुद्दों की पहचान की गई और छात्रों को उपचार के लिए पीजीआईडीएस में भेजा गया। इसके अतिरिक्त, महारानी किशोरी जाट कन्या विद्यालय में, पीजीआईडीएस की दंत टीम द्वारा एक समान स्क्रीनिंग और उपचार शिविर का आयोजन किया गया था। कुल 75 छात्रों की स्क्रीनिंग की गई और जिन लोगों को उपचार की आवश्यकता थी, उन पर शिविर में मौजूद दंत पेशेवरों ने तत्काल ध्यान दिया।

### ओशो ने वर्तमान में जीना सिखाया

**रोहतक।** समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने भगवान ओशो रजनीश के संबोधि दिवस की साधकों को बधाई दी है। इस अवसर पर ओशोधारा सांस्कृतिक मंच की ओर से आनंद धाम आश्रम माधोपुर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समर्थगुरु ने कहा कि साक्षी रहकर निष्काम कर्म करना व वर्तमान में जीना परमगुरु ओशो के अध्यात्म का सार है। गौरतलब है कि 21 मार्च 1953 में को 21 वर्ष की आयु में परमगुरु ओशो को संबोधि उपलब्ध हुई थी। समर्थगुरु के रूप में ओशो की दिव्य चेतना आज भी साधक अनुभव कर पा रहे हैं। इस अवसर पर इंद्रजीत, योगेश कटारिया, राजू उझाना, विकास, डॉ सुरेश मिश्रा, प्रवीण बिश्नोई, डॉक्टर परमवीर, जोगिंदर, सुशील, तमन्ना, आशा मलिक प्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन समेत हरियाणा भर से लगभग 30 साधक माधोपुर, पंजाब पहुंचे।

### नियमित और सही ढंग से ब्रश करें, टूथपेस्ट का चयन भी महत्वपूर्णः डॉ. अतुल शर्मा



रोहतक। वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. नीतू और उनकी दंत चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न संस्थाओं में अच्छे मुख स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों और स्टाफ को जागरूक किया। सबसे पहले टीम इंदिरा चक्रवर्ती राजकीय कॉलेज में पहुंची और छात्राओं व स्टाफ को अच्छे मुख स्वास्थ्य के बारे में बताया। इस अवसर पर उन्होंने नियमित ब्रश करने के फायदे, ब्रश करने का सही ढंग और सही प्रकार के ब्रश व टूथपेस्ट का चयन करना सिखाया। इस मौके डॉ. अतुल और उनकी चिकित्सकों की टीम ने वहां मौजूद छात्राओं और स्टाफ को उनकी मुख संबंधी समस्याओं का समाधान भी बताया। इस मौके पर डॉ. श्रेया, डॉ. रोमा, डॉ. सीमा और डॉ. कुसुम भी उपस्थित रहे।

## सत जिन्दा कल्याणा आश्रम में श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

सत जिन्दा कल्याणा आश्रम कलानौर में श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान महोत्सव का सात दिवसीय पाठ आयोजित किया जा रहा है। जिसमें श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान अमृत वर्षा कथा सर्वेश प्रपन्नाचार्य द्वारा सुनाई जाएगी। सत जिन्दा कल्याणा आश्रम के महंत बाबा खुशहाल दास महाराज ने बताया कि महंत जमना दास महाराज की



33वीं पुण्य स्मृति एवं महंत हरिदास महाराज की 22वीं पुण्य स्मृति में श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया है। गीता ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए गीता ज्ञान महोत्सव करवाया गया है। जिसमें सुबह से शाम तक गीता ज्ञान का पाठ चलता है, शाम 5 बजे मंदिर में आरती होती है। वहीं 22 मार्च को श्रीराम चरित मानस पाठ भोग सुबह 10 बजे होगा, श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान अमृत वर्षा सुबह 11 बजे से आयोजित होगी।

### वैश्य महिला महाविद्यालय में कैंप का समापन

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिवर्सिटी आउटरीच यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय कैंप के समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैश्य संस्था के प्रधान नवीन कुमार जैन, श्यामलाल गर्ग एवं राधेश्याम गर्ग रहे। प्राचार्य डॉ. रश्मि गुप्ता एवं एनएसएस यूनिट के द्वारा किया गया। प्राचार्य रश्मि गुप्ता, नवीन कुमार जैन, श्याम लाल गर्ग, राधेश्याम गर्ग, एनएसएस यूनिट एवं स्वय सेविकाओं ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात 7 दिवसीय कैंप की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया।

## क्रिकेटर जोगिंद्र शर्मा के पिता के निधन पर शोक जताने रोहतक पहुंची राजनीति और खेल जगत की हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य और हरियाणा पुलिस के डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा के पिताजी ओमप्रकाश शर्मा के निधन पर शोक जताने के लिए अनेक हस्तियां रोहतक पहुंची। वीरवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी रहे अजय रात्रा रोहतक पहुंचे और जनता कॉलोनी स्थित शर्मा निवास पर पहुंचकर दिवंगत ओमप्रकाश शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा का जीवन सादा जीवन उच्च विचार की



**रोहतक।** डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा के पिता ओमप्रकाश शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए खिलाड़ी योगेश्वर दत्त ।

सीख का उदाहरण कहा जाएगा। वे आजीवन जमीन से जुड़े रहकर समाजसेवा में लगे रहे और उनसे जब भी टेलीफोन पर बात होती थी तो वे बड़ी ही सादगी और आत्मीयता से बातचीत करते थे, जो हमेशा याद आती रहेंगी। वहीं, योगेश्वर दत्त ने भी ओमप्रकाश शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रोहतक से भाजपा सांसद डॉ. अरविन्द शर्मा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भी जनता कॉलोनी स्थित शर्मा निवास पहुंचकर जताया शोक।

### सूचना

मैं, राजेश कुमार पुत्र श्री छतर सिंह निवासी फरमाना खास, तह. महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पत्नी अंजली मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, बलजीत सिंह सुपुत्र श्री चन्दराम निवासी गाँव मदीना कोरसान (105) तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन उर्फ पोना मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### मातु राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट आज मनाएगा होली पर्व

रोहतक। मातु राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के छात्र व कर्मचारी 22 मार्च को होली का त्योहार मनाएंगे। उत्सव का आयोजन तरंग सांस्कृतिक क्लब द्वारा किया जाएगा। तरंग सांस्कृतिक क्लब कंवीनर मनीषा ने बताया कि इस वर्ष का होली उत्सव विशेष होने वाला है, क्योंकि यह पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ समृद्धि और खुशियों का उत्सव होगा। होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने से हम पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान भी रख सकते हैं। उत्सव में नृत्य, संगीत और खेल की विविधता होगी।

## मोखरा महिला कॉलेज को कॉ एजुकेशन संस्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने बताया कि मोखरा के साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय को कॉ एजुकेशन कॉलेज में तब्दील कर दिया गया है। अब नए सत्र से इस कॉलेज में लड़के भी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। छात्राओं की संख्या कम होने के कारण कॉलेज को चलाने में दिक्कत आ रही थी। तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जब मोखरा आए थे, तो इस समस्या को लेकर प्रिंसिपल डॉ. सीमा जैन भी उनसे मिली थी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से उनकी यह मांग पूरी हो गई है। इसके लिए हरज्ञान मोखरा ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार जताया है। सरकार के इस फैसले पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। हरज्ञान मोखरा ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ सदस्यों ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की है। मोखरा ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला युवाओं के हितैषी हैं तथा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहते हैं।



## गांधरा गांव में श्री श्याम जी सेवा मंडल ने किया मेले व कीर्तन का आयोजन

**रोहतक।** गांव गांधरा में फाल्गुन शुक्ल द्वादशी के शुभ अवसर श्री श्याम जी सेवा मंडल गांधरा द्वारा बाबा श्यामजी का दो दिवसीय फाल्गुन द्वादशी मेला व कीर्तन आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि राजेश जैन, एमडी एलपीएस बोसार्ड रहे। उन्होंने श्याम बाबा के मंदिर में जाकर दर्शन किये। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। समस्त कमेटी द्वारा राजेश जैन का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने इस सम्मान के लिए कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सरपंच योगेश मलिक चौगामा प्रधान, पूर्व सरपंच सोनू मलिक सहित अन्य मौजूद रहे।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजेश जैन, एमडी एलपीएस बोसार्ड को सम्मानित करते हुए श्री श्याम सेवा मंडल गांधरा कमेटी के पदाधिकारी।












## खबर संक्षेप



### नेकीराम कॉलेज में वाद विवाद स्पर्धा, संजना प्रथम

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सुरेश दहिया, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर वजीर सिंह ने निभाई। प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संजना ने प्रथम, अनुराग ने द्वितीय, रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कविता पाठ में जाट कॉलेज की खुशी प्रथम

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में हुई अंतर महाविद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। वीरवार को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रा खुशी ने प्रथम स्थान और छात्र जतीन मलिक ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### जाट कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्लेनेट अर्थ संस्था की ओर से कॉलेज में नीम, गुलमोर, शहतूत, फाईक्स के पेड़ पौधे लगाए गए। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर डॉ. जोगेंद्र दहिया, डॉ. विवेक दांगी व कॉलेज के सभी माली सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### संस्कारों से होती है संसार की संरचना : बीके प्रेम

**रोहतक।** नरेन्द्रा विहार कुताना स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला में वरिष्ठ महिलाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित बीके प्रेम बहन ने उपस्थित महिलाओं को पवित्रता मुकुट पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि परमपिता परमात्मा शिव ने आपको ताजधारी बनने का आशीर्वाद दिया है। क्योंकि वंदे मातरम् माताओं के लिए गाया गया है। माता अन्नपूर्णा, करूणामई, दया का सागर, ममता का सागर, जगत जन्नी होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह नांदल ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए और बच्चों को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया।

### जमा ऋण अनुपात के लक्ष्य से अधिक मिला

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बैंकों में जमा ऋण अनुपात के लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया और बैंकर्स को समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश भी दिए। अजय कुमार जिला विकास भवन के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री, जिला स्तरीय सुरक्षा समिति व जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्राथमिक क्षेत्र व कृषि ऋण के लक्ष्यों व उपलब्धियों पर चर्चा की।

श्री एलएन हिंदू कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# पुरुषों में अमरदीप, महिलाओं में भावना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में चल रही 49वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दौरान पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अमरदीप एवं महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भावना को मिला। इन्हें 5100 रूपये ईनाम स्वरूप दिए गए। वहीं पुरुष वर्ग के द्वितीय सर्वश्रेष्ठ खि ला ड़ी मुकुल व महिला वर्ग की द्वितीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दीप्ति को 3100 रुपये की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 5000 मीटर लड़कों की रेस में प्रथम मनीष, द्वितीय उत्कर्ष, तृतीय निखिल, 100 मीटर रेस में प्रथम मुकुल, द्वितीय अमरदीप, तृतीय देवव्रत रहे। 200 मीटर लड़कियों की रेस में प्रथम भावना, द्वितीय हिमांशी, तृतीय स्थान दीप्ती ने हासिल किया। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मंगल सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. गुलशन लाल तनेजा ने कहा कि हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य कर सकते हैं।

- विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित





### स्लो साइक्लिंग में डॉ. संदीप प्रथम

पुरूष वर्ग की स्लो साइकिल रेस में प्रथम डॉ. संदीप, द्वितीय नवीन नागपाल एवं तृतीय प्रवीण रहे। मटका रेस में प्रथम किरण देवी, द्वितीय प्रीति यादव और तृतीय स्थान डॉ. शालू जुनेजा ने हासिल किया। वहीं 100 मीटर रेस में प्रथम मोनू, द्वितीय ज्योति और तृतीय किरण देवी, स्किपिंग रेस में प्रथम किरण देवी, द्वितीय कंचन, तृतीय स्थान प्रीति यादव ने हासिल किया। पुरूष वर्ग की 100 मीटर रेस में प्रथम डॉ. संदीप, द्वितीय डॉ. मनीष, तृतीय सुमित, 100 मीटर रेस नोन टीचिंग में प्रथम प्रवेश, द्वितीय कृष्ण, तृतीय प्रवीण रहे।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुलशन राय ढ़ल, द्वितीय स्थान सुदर्शन कुमार धींगड़ा एवं तृतीय स्थान अश्वनी खुराना व नंदलाल गिरधर ने संयुक्त रूप से जीता। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। हिंदू प्रबंध समिति के प्रधान सुदर्शन कुमार धींगड़ा ने कहा कि गीता में कहा गया है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप श्योराण, सहसंयोजक डॉ. संदीप कुमार, सुनील कुमार आहूजा (कोषाध्यक्ष हिंदू प्रबंध समिति) आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों के मध्य लेमन रेस आकर्षण का केंद्र रही। प्राचार्य तनेजा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभ आशीष देते हुए कहा कि यह मूल मंत्र हमेशा याद रखना हार तब होती है ,जब मान लिया और जीत तब होती है जब ठान लिया।

# छोटूराम पॉलिटेक्निक में खेलकूद प्रतियोगिता



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र मालिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटू राम पॉलिटेक्निक में 63वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र मालिक, पीडब्लूडी (बीएंडआर) रहे। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया ने विद्यार्थियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे परिणाम

ब्वॉयज इवेंट्स हैमर थ्रो में विक्रांत, शॉट पुट में अमन, डिस्कस थ्रो में विक्रांत, जेवलिन थ्रो में केशव, हॉप स्टेप एंड जंप में प्रिंस, हाई जंप में अनुज अव्व्ल रहे। इसी तरह से 4 गुणा 100 मीटर रीले रेस में हिमांशु की टीम, 4 गुणा 200 मीटर रीले रेस में प्रिंस की टीम, 4 गुणा 400 मीटर रीले रेस में दीपांशु की टीम अव्वल रही। वहीं 100 मीटर रेस में पिंकेश, 1500 मीटर में- रोहित, लॉन्ग जंप रोहित, 800 मीटर रेस में रोहित, 200 मीटर में रोहित, 5000 मीटर रेस में हिमांशु सर्वश्रेष्ठ रहे। वहीं गर्ल्स इवेंट्स हैमर थ्रो में मानसी मोर, 400 मीटर रेस में महक, 200 मीटर में रिया, 100 मीटर में किरण, 800 मीटर रेस में मनीषा, हाई जंप में रिया, लॉन्ग जंप रिया, शॉट पुट में आशा, जेवलिन थ्रो में काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट ब्वॉयज रोहित और बेस्ट एथलीट गर्ल्स काजल रही। ओवर ऑल क्राउन ट्रॉफी लगातार तीसरी बार सिविल इंजिनियरिंग विभाग ने जीती।

# शिक्षा भारती में मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में फैंटिसी फिएस्टा नामक बेबी शो एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अढ़ाई वर्ष से दस वर्ष तक के बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ शामिल होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। बेबी शो कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्राचार्या ममता भोला एवं आए हुए अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन व वंदना से हुआ। इसके बाद बच्चों ने रैंप वॉक, कविता पाठ, नृत्य, गायन आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की पूर्व छात्रा 'सुकर्मा डांस एकेडमी की संचालिका 'सुकर्मा, जन्नत डांस एकेडमी की संचालिका कीर्ति पुनियानी एवं विद्यालय आचार्या सीमा वशिष्ठ निर्णायक की भूमिका में रहे। प्राचार्या ममता भोला ने नई शिक्षा नीति के बारे में बताते हुए कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों का भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रबंधक हरीश वधवा, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुलाटी ने बेबी शो के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

### सर्व कर्मचारी संघ ने बैठक में की चर्चा

**रोहतक।** सुखपुरा चौक हनुमान कॉलोनी स्थित कर्मचारी भवन में सर्व कर्मचारी संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच व संचालन मनजीत पांचाल ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट, राज्य सचिव जयवीर चहल, राज्य कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिंया मौजूद रहे। बैठक में पिछले व आगामी आंदोलन को लेकर चर्चा हुई। धर्मवीर फौगाट ने कहा कि अभी 4 फरवरी को रोहतक में रैली की गई है जो की एक सफल रैली थी। 16 फरवरी को राष्ट्र व्यापी हड़ताल करके सरकार को संदेश दिया है कि समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान जल्द से जल्द करें। 27 फरवरी को सभी मुख्यालयों का घेराव किया था। अगर सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तो इस चुनाव के दौरान भी लगातार आंदोलन करके सरकार का विरोध करेंगे। लोगों के बीच जाकर सरकार की कर्मचारी, किसान, मजदूर, आम जनता व छात्र विरोधी नीतियों से अवगत कराना है। इस मौके पर जोगिंदर दलाल, जयकुंवार दहिया, सतबीर मुंढाल, दीपक जांगड़ा, आदि मौजूद रहे।

### वैश्य महाविद्यालय में क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता



**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग व मीडिया क्लब द्वारा क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष व कंविनर डॉ. सुनैयना ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने मीडिया और आर्थिक विकास पर अपने रचनात्मक विचारों को व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक लेखन पर चर्चा भी की। प्रतियोगिता में श्रुति व नेहा ने प्रथम, हर्षिता, नीतिका व सूरज ने द्वितीय और करीना, भतेरी, अंकित व सिमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी तरफ राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने मतदान के महत्व विषय पर अपने विचार साझा किए। विभागाध्यक्ष डॉ. पिंक प्रभा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 35 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. पिंक प्रभा, डॉ. दिनेश रानी बंसल, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. राजल गुप्ता, डॉ. विनीत बाला, गीता गुप्ता, डॉ. रविकांत, डॉ. विकास, डॉ. पिंकी यादव, डॉ. उंमेष मिश्र, डॉ. कमल रानी आदि मौजूद रहे।

# मुस्कान ने अंतर विवि जिम्नास्टिक में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीएनडीयू अमृतसर द्वारा आयोजित की जा रही इंटर यूनिवर्सिटी जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक चैंपियनशिप में कुमारी मुस्कान को अनइवेन बार में कांस्य पदक जीत कर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यूनिवर्सिटी के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने महिला जिमनास्ट मुस्कान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमडीयू बेसबॉल टीम आज पुणे के लिए रवाना होगी इधर सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे द्वारा आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी महिला बेसबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमडीयू की टीम शुक्रवार सुबह रवाना होगी। टीम में 16 महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। नवीन और योगेश टीम के लिए कोच नियुक्त किए गए हैं।



रोहतक। कांस्य पदक विजेता कुमारी मुस्कान।




वैश्य तकनीकी संस्थान में खेल प्रतियोगिता संपन्न

# खेलों से बढ़ती है निर्णय लेने की क्षमता

- छात्रों की 400 मीटर की दौड़ में ललित ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल व विशिष्ट अतिथि नरेश मित्तल ने शिरकत की। संस्था के प्रधान नवीन कुमार जैन ने मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है तथा खेलों के द्वारा जीवन में निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्था के प्रधान, महासचिव, एवं बीओएम सदस्य अनिल बंसल का स्वागत किया। खेल अधिकारी अनिल अग्रवाल ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। खेल सचिव मंजीत ने बताया कि छात्रों की 400 मीटर की दौड़ में ललित प्रथम, मनीष द्वितीय, रमन तृतीय रहे। हाई जंप लड़कों में ललित प्रथम, नागमणि द्वितीय रहे। जैवलिन थ्रो लड़कों में नागमणि प्रथम, रोहित शाह द्वितीय, रोहित कुमार तृतीय रहे। 3000 मीटर रेस लड़कों में ललित प्रथम, कपिल द्वितीय, मनीष तृतीय रहे।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की दौड़ में महिलाओं में आशा और पुरुषों में अमित ने बाजी मारी। बेस्ट एथलीट लड़कों में ललित और लड़कियों में सुचिता रही। वैश्य संस्था के महासचिव श्याम लाल गर्ग ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। प्रधान नवीन कुमार जैन ने सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ के प्रयत्नों की सराहना की।



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल व विशिष्ट अतिथि नरेश मित्तल ।